सार-समाचार

## संवाददाता सम्मेलन का आयोजन

**चूरू, (कासं)।** जिला मुख्यालय पर शनिवार को निजी होटल में चूरू जिला अभिभाषक संघ के वरिष्ठ अधिवक्ताओं ने संवाददाता सम्मेलन का आयोजन किया। इस दौरान अभिभाषक संघ के सदस्यों ने दस जुलाई को अधिवक्ता महिमन जोशी व सुशील शर्मा व उनके पुत्र आनंद शर्मा के बीच हुई घटना के बाद 15 जुलाई को जिला अभिभाषक संघ की मीटिंग में घटना की वास्तविक स्थिति सामने आने पर भी अधिवक्ता महिमन जोशी पर की गई कार्यवाही की निंदा की है।वरिष्ठ अधिवक्ताओं ने कहा कि 15 जुलाई को मीटिंग के दौरान अधिवक्ता सांवरमल स्वामी ने सत्य बयानी करते हुए अवगत करवा दिया था कि महिमन जोशी उनके चैंबर में बैठे थे और इस दौरान अधिवक्ता आनन्द शर्मा ने उनके चैम्बर में घुस कर महिमन जोशी के मुक्का मारा था। इस साफ और स्पष्ट बयान के बावजूद भी जिला अभिभाषक संघ के अध्यक्ष द्वारा महिमन जोशी को सात दिन के लिए निलंबित किया जाने जैसे बयान से चूरू अभिभाषक संघ की गरिमा को धूमिल हुई हैं। वरिष्ठ अधिवक्ता बनवारी लाल दीक्षित ने कहा कि प्रत्यदर्शी सांवरमल स्वामी एडवोकेट के स्पष्ट कथन के बावजूद अध्यक्ष द्वारा एक पक्षीय कार्यवाही करते हुए महिमन जोशी के निलंबन आदि का आदेश दे देना अवैधानिक व अधिकार क्षेत्र से बाहर हैं। जिससे अभिभाषक संघ की प्रतिष्ठा पर प्रश्न चिन्ह लग गया है। अत: इस बात से स्पष्ट होता हैं कि अभिभाषक संघ के अध्यक्ष द्वारा की गई कार्यवाही अधिवक्ता सुशील शर्मा व आनंद शर्मा को बचाने हेतु की गई है तथा वास्तविक तथ्यों को नजर अंदाज कर अभिभाषक संघ की मीटिंग में अधिकार क्षेत्र से बाहर जाकर निर्णय लेना सरासर गलत हैं। न्याय का यह प्रतिपादित सिद्धांत हैं कि जब तक किसी भी मामले की जांच चल रही हो और न्यायालय ने अपना निर्णय नहीं दिया हो तब तक किसी एक पक्ष को दोषी ठहराकर किसी भी प्रकार का निर्णय या धारण बनाना गलत है। इस प्रकार दिनांक 15 जुलाई2024 को अभिभाषक संघ के अध्यक्ष द्वारा गई कार्यवाही से यह प्रतीत होता हैं कि पुलिस अनुसंधान को प्रभावित करने के लिए अभिभाषक संघ जैसी संस्था का दुरूपयोंग किया जा रहा है। इस दौरान प्रेसवार्ता में वरिष्ठ अधिवक्ता दानाराम शर्मा, बनवारी लाल दीक्षित, ईनायत खां , युनुस खां, सुजान सिंह खींची , धन्नेसिंह राठौड़, हर्षवर्धन राठौड़ , नेमत अली , रजनीश शर्मा, महिमन जोशी आदि मौजूद रहे।

## मुख्यमंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन

**झुंझुनूं**, (कासं)।उदयपुर क्षेत्र के सलूंबर इलाके के अदवास गांव में एक दलित शिक्षक की गला काटकर हत्या और उसके पिता पर किए गए जानलेवा हमले के मामले में कार्रवाई की मांग हो रही है। इसी क्रम में झुंझुनूं में आजाद समाज पार्टी कांशीराम के पूर्व जिलाध्यक्ष प्रदीप चंदेल के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन दिया। जिसमें छह मांगें की गई है। इनमें आरोपियों पर कार्रवाई करने, एक करोड़ की सहायता परिवार को देने, परिवार के दो सदस्यों को सरकारी नौकरी देने, परिवार को सुरक्षा देने, दलितों पर हो रहे अत्याचारों को रोकने के लिए ठोस कानून बनाने जैसी मांग की गई है। पूर्व जिलाध्यक्ष प्रदीप चंदेल ने बताया कि यदि सरकार इस दिशा में कोई ठोस कार्रवाई नहीं करती है तो पूरे प्रदेश में आंदोलन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि सांसद और आजाद समाज पार्टी कांशीराम के सुप्रीमो एडवोकेट चंद्रशेखर आजाद भी गंभीर है। जो जल्द ही प्रभावित परिवार से मिलेंगे। उन्होंने बताया कि भीम आर्मी चीफ एवं नगीना सांसद चंद्रशेखर आजाद ने संसद भवन में आवाज उठाने का प्रयास किया। लेकिन उनको बोलने का समय नहीं दिया गया तो उन्होंने संसद के बाहर आकर विरोध प्रदर्शन किया। लोगों को न्याय भी अब जाति देखकर दिया जा रहा है। ज्ञापन देते समय शकील फौजी, विकास मेघवाल देरवाला, अजीत धनूरी, विलास फुलवारिया, राशिद खान, राकेश कुमार, श्यामसुंदर, बुधराम, गुलजारीलाल, संजय कुमार, शीशराम, ईश्वर, प्रमोदकुमार, मदनलाल आदि मौजूद थे।

## केंद्रीय विद्यालय में किया पौधा रोपण

**चूरू, (कासं)।** पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय चूरू में पीएम नरेंद्र मोदी के आवाह्न पर एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत विद्यार्थियों की माताओं ने विद्यालय के कर्मचारियों के साथ तुलसी, अश्वगंधा, शहतूत, नीम, अमरूद, करंज, बरगद, पीपल, गूलर, जामुन, फ्राँस, इत्यादि प्रजातियों के 300 पेड़ लगाए। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य कृष्ण सिंह चौहान ने कर्मचारियों, विद्यार्थियों व उनके अभिभावकों के साथ धरती पर हरियाली बढ़ाने का संकल्प लिया। आयोजित वृक्षारोपण कार्यक्रम के बाद गोष्ठी को संबोधित करते हुए प्राचार्य कृष्ण सिंह चौहान ने कहा कि एक व्यक्ति के लिए मां का बहुत महत्वपूर्ण स्थान होता है। इस रिश्ते की गरिमा को समझते हुए पीएम नरेंद्र मोदी ने विश्व पर्यावरण दिवस के मौके पर धरती पर हरियाली बढ़ाने के दृष्टिकोण से वृहद स्तर पर वृक्ष लगाने का संकल्प लिया। एक पेड़ मां के नाम उसे बचाने का संकल्प लिया है। उन्होंने कहा धरती भी मां स्वरूप है। पेड़ पौधे रहने से वायुमंडल का संतुलन बना रहता है। इसलिए अभिभावकों से अपने घरों व आसपास की खाली जमीन पर इस अभियान के तहत विभिन्न प्रजातियों के वृक्ष लगाकर उनकी देखभाल करने का आवाह्न किया।इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षक लाल चंद, विजय कुमार माथुर, महेश बुल्ड़क, संजय कुमार, मनीष शर्मा, मुकेश मीना, सीमा शर्मा, चंदा सैनी , प्रताप नैन सहित बागवान नाज़िम तथा माणक उपस्थित रहे।

## जिला कार्यसमिति की बैठक आज

**सीकर**,(कासं)।भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यसमिति की बैठक 28 जुलाई रविवार को प्रात: 9 बजे से सायं 5 बजे तक भाजपा जिला कार्यालय सांवली सर्किल के पास, सीकर में होगी। कार्यसमिति की बैठक में मुख्य अतिथि शिक्षा एवं पंचायती राज मंत्री मदन दिलावर होंगे। मुख्य वक्ता भाजपा के पूर्व प्रदेशाध्यक्ष डॉ. सतीश पूनियां, विशिष्ठ अतिथि स्वायत्त शासन एवं नगरीय विकास मंत्री झाबर सिंह खर्रा, भाजपा के प्रदेश महामंत्री श्रवण सिंह बगड़ी एवं प्रदेश महामंत्री व पूर्व सांसद श्रीमती संतोष अहलावत होंगी। कार्यसमिति की अध्यक्षता भाजपा जिलाध्यक्ष डॉ. कमल सिखवाल करेंगे।जिला महामंत्री संजय सैनी ने बताया कि कार्यसमिति की बैठक में पूर्व केंद्रीय मंत्री सुभाष महरिया, पूर्व सांसद स्वामी सुमेधानंद सरस्वती, विधायक गोरधन वर्मा, विधायक सुभाष मील, प्रदेश प्रवक्ता कृष्ण कुमार जानू, जिले के प्रभारी दिनेश धाबाई, पार्टी के पूर्व विधायक, पूर्व जिलाध्यक्ष, जिला प्रमुख, कार्यकारिणी के पदाधिकारी व सदस्य, प्रधान, नगर पालिका अध्यक्ष, जिला परिषद व पंचायत समिति सदस्य, सभी मोर्चों के जिलाध्यक्ष व जिला महामंत्री, सभी मंडलों के अध्यक्ष व महामंत्री, प्रकोष्ठों व विभागों के जिला संयोजक के साथ ही पार्टी के वरिष्ठ कार्यकर्ता भाग लेंगे। कार्यसमिति बैठक में भाजपा जिलाध्यक्ष राजनीतिक प्रस्ताव रखेंगे। राजनीतिक प्रस्ताव पर चर्चा के पश्चात कार्यसमिति में उपस्थित पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता प्रस्ताव का अनुमोदन करेंगे।

## कारागृह में पीपल का पौधा लगाया

**चूरू, (कासं.)।** अमृता देवी पर्यावरण समृद्धि अभियान के तहत जिला कारागृह में अभियान के जिला प्रमुख राजकुमार सैनी के सानिध्य में पीपल का पौधा लगाया गया। यहां जिला प्रमुख राजकुमार सैनी ने बताया कि अभियान के दौरान अब तक एक हजार पौधे लगाए जा चुके हैं। उन्होंने बताया कि पीपल, बरगद, शीशम, नीम आदि छायादार पौधे नगर के श्मशान घाट, सार्वजनिक पार्क, विभिन्न कार्यालय, देवालय आदि स्थानों पर लगाए गए हैं। सैनी ने बताया कि यह अभियान लगातार जारी रहेगा। उन्होंने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को अधिक से अधिक पौधारोपण करके उनका संरक्षण करना चाहिए। ताकि पर्यावरण संतुलन बना रहे और मानव जीवन के सामने कोई संकट पैदा न हो। इसी प्रकार जिला कारागृह में पौधारोपण करते हुए मूल सिंह राठौड़ जालेऊ ने कहा कि पौधारोपण करना आज की सबसे बड़ी आवश्यकता है। राठौड़ ने कहा कि अधिक से अधिक पौधारोपण करेंगे। इस मौके पर फिल्म निर्माता निर्देशक राजेन्द्र सिंह शेखावत और बालक मयंक मीना ने भी पौधारोपण में सहयोग किया और पौधों के संरक्षण का संकल्प लिया। यहां पीपल के साथ अन्य छायादार पौधा भी लगाया गया।

## कारगिल शहीदों को श्रद्धांजलि दी

**झुंझुनूं**, (कासं)।कारगिल विजय दिवस की 25वीं वर्षगांठ पर इंडाली गौशाला परिसर में 527 पौधे लगाकर कारगिल शहीदों को श्रद्धांजलि दी गई। इस अवसर पर कृषि वैज्ञानिक डॉ. हनुमानप्रसाद, निरंजनसिंह जानूं, श्री बालाजी ग्रुप के कृष्ण गवाड़िया और पशुपालन विभाग के डिप्टी डायरेक्टर सुरेश सुरा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। डॉ. हनुमानप्रसाद ने अधिक से अधिक पेड़ लगाने के लिए लोगों को प्रेरित किया। इस अवसर पर जगदीश कड़वासरा, डॉ. अरविंद भालोठिया, दिलीप मीणा सरपंच, महावीर शर्मा, संतूसिंह, राजेंद्र मास्टर, राजवीर, निक्कूसिंह सहित अनेक गणमान्य लोगों की उपस्थिति में पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कृष्ण गावड़िया ने पेड़ लगाने के साथ ही उनकी परवरिश की शपथ दिलाई तथा डॉ. अरविंद भालोठिया और गौशाला अध्यक्षा अवनीश कौर ने सभी का धन्यवाद ज्ञापित किया।

# जनरल महाप्रबंधक अमिताभ ने सुनीं कर्मचारियों की समस्याएं

**चूरू, (कासं.)।** उत्तर पश्चिम रेलवे के जनरल महाप्रबंधक अमिताभ शनिवार को बीकानेर मंडल के दौरे पर रहे। इस दौरान जीएम ने बीकानेर-चूरू रेल मार्ग के दोहरीकरण, अमृत भारत स्टेशन योजना के अंतर्गत बन रहे स्टेशनों के पुनर्विकास कार्यों, रेल अंडर पास आदि का निरीक्षण कर अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। इस दौरान चूरू पहुंचने पर जीएम ने रेलवे स्टेशन

- **जीएम ने बीकानेर-चूरू रेल मार्ग के दोहरीकरण, अमृत भारत स्टेशन योजना के अंतर्गत बन रहे स्टेशनों के पुनर्विकास कार्यों, रेल अंडर पास आदि का निरीक्षण किया**



**उत्तर पश्चिम रेलवे के जनरल महाप्रबंधक अमिताभ शनिवार को चूरू के दौरे पर रहे।**

स्थित रनिंग रूम में जनसुनवाई की।

इस दौरान जीएम ने लोको पायलट, ट्रेन मैनेजर सहित ट्रेन संचालन से जुड़े अधिकारियों-कर्मचारियों से संवाद कर कर्मचारियों की समस्यायें सुनीं और अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। इस दौरान जीएम ने यथा शीघ्र समस्याओं के निस्तारण का आश्वासन दिया। इस अवसर पर जीएम ने रनिंग रूम परिसर में पौधरोपण भी किया। इस अवसर पर कर्मचारियों ने जीएम से कहा कि 50 वर्ष से अधिक की उम्र के कर्मचारियों को किसी भी प्रकार की पेट्रोलिंग में नहीं भेजा जाए। जो ट्रेनें 6-7 घंटे स्टेशन पर खड़ी रहती है, उनका समय कम किया जाए। जिन स्टेशनों पर खानें की क्वालिटी सही नहीं है, उनमें सुधार किया जाए। जीएम ने कहा कि सरकार रेलवे कर्मचारियों पर काफी पैसा खर्च करती है। कर्मचारियों की सभी सुविधाओं को ध्यान में रखा जाता है। उन्होंने कहा कि आज कर्मचारियों ने जो समस्याएं बतायी हैं, उनमें सुधार किया जाएगा।

पिछले कुछ समय से रेलवे के क्षेत्र में जो घटनायें हुई हैए उनसे सबक लेकर सिस्टम में सुधार किया जाएगा। इस दौरान मुख्य प्रशासनिक अधिकारी निर्माण वेदप्रकाश, मुख्य इंजीनियर निर्माण एस सीएल मीना, डीआरएम डॉ. आशीष कुमार, मुख्य परियोजना प्रबंधक गति शक्ति इकाई पवन गुरावा, उप मुख्य इंजीनियर निर्माण विजय कुमार मीना, वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक महेश चंद जेवलीया, वरिष्ठ मंडल इंजीनियर समन्वय अमित जैन, चूरू स्टेशन मास्टर सुरेश कुमार माथुर सहित बड़ी संख्या में रेलवे मंडल के अधिकारी.कर्मचारी उपस्थित थे।

## गुरु वंदन कार्यक्रम आयोजित

**रतनगढ़, (कासं)।** स्थानीय राजकीय जालान महाविद्यालय में राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ राजस्थान उच्च शिक्षा के बैनर तले गुरु वंदन कार्यक्रम आयोजित हुआ। प्रो कल्याण सिंह चारण ने बताया कि कार्यक्रम में सभी वक्ताओं ने गुरु की महिमा को विस्तार से बताया। डॉ के सी जोशी ने गुरु शिष्य परंपरा पर विस्तार से प्रकाश डाला। इस अवसर पर डा सुशील त्यागी,डा धनराज पांडिया,डा श्याम सुंदर पारीक, प्रो शैलेष जिनरा, लेखाधिकारी संदीप जोशी ने भी गुरु वंदन की आवश्यकता प्रतिपादित की।

## नौ दिवसीय रामकथा शुरू

**खेतड़ी, ( निसं )।** खेतड़ी कस्बे के अनाज मंडी स्थित अग्रसेन भवन में शनिवार को नौ दिवसीय रामकथा का शुभारंभ किया गया। प्रयागराज से आए सीताराम धर्म प्रचार मंडल के कथावाचक पंडित नारायण मिश्रा, शिरोमणि मिश्र, परशुराम दूबे के सानिध्य में रामकथा का विधिवत रूप से पुजा अर्चना कर शुभारंभ किया गया।

पूर्व पालिकाध्यक्ष उमराव सिंह कुमावत ने बताया कि अग्रसेन भवन में चल रही रामकथा का नौ दिवस पूरे होने पर विधिवत रूप से समापन किया जाएगा। कथावाचक पंडित नारायण मिश्रा ने कहा किहिंदू धर्म में गौ सेवा सबसे बड़ा धर्म माना गया है। शास्त्रों के अनुसार गाय का दान करना भी मनुष्य जीवन में अति महत्वपूर्ण माना गया है। ऐसे में प्रत्येक व्यक्ति को जीव जंतुओं की रक्षा के लिए आगे आकर कार्य करने चाहिए। मनुष्य की पवित्र आत्मा एवं धार्मिक अनुष्ठानों से भगवान की दृष्टि को पाया जा सकता है। मनुष्य को अपने जीवन में शुद्ध एवं शाहकारी होना चाहिए, ताकि ईश्वर अपनी कृपा अपने भक्तों पर बनाकर रख सकें। हिंदू धर्म में देवी-दवताओं पूजन मात्र से ही दया दृष्टि को हासिल किया जा सकता है।कथासुनने मात्र से ही मनुष्य का मन पवित्र हो जाता है। प्रत्येक व्यक्ति को धार्मिक अनुष्ठानों में भाग लेकर मन को शुद्ध करना चाहिए। हिंदू धर्म में गाय को माता का दर्जा दिया गया है, इसलिए प्रत्येक व्यक्ति को गौ माता की सेवा करने से पुण्य को हासिल किया जा सकता है। कार्यक्रम के दौरान संजीव झांकियां सजाकर गांव का भ्रमण करवाया गया। इस मौके पर लक्ष्मीकांत शर्मा, संजय नालपुरिया, सुरेश सोनी, मनीष सैनी, राजू नायक, कैलाश चंद, अशोक कुमार, साहिल कुमार, विजेश गुप्ता, राजेश कुमार, अनिल कुमार, सुरेश, चंदा देवी, संतोष देवी, ममता, सपना, संजू, कमलेश, रामकला, राकेश देवी, संतरा देवी, रजनी सहित अनेक लोग मौजूद थे।

## मेधावी छात्राओं को स्कूटी बांटी

**चूरू, (कासं)।** लोहिया महाविद्यालय में काली बाई भील मेधावी एवं देवनारायण स्कूटी योजनान्तर्गत वितरण में विधायक हरलाल सारण के मुख्य आतिथ्य में जिले की मेधावी छात्राओं को स्कूटी वितरित की गई।



**लोहिया महाविद्यालय में काली बाई भील मेधावी एवं देवनारायण स्कूटी योजनान्तर्गत छात्रओं को विधायक सहरण ने स्कूटी बांटी।**

स्कूटी वितरण समारोह की अध्यक्षता महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. मंजु शर्मा ने की तथा अतिथियों के रूप में भाजपा प्रदेश मंत्री डॉ. वासुदेव चावला, भाजपा जिलाध्यक्ष बसन्त शर्मा, भाजपा जिला महामंत्री अभिषेक चोटिया, शहर मण्डल अध्यक्ष दीनदयाल सैनी एवं सुरेश सारस्वत, देहात मण्डल अध्यक्ष, विजय कुमार कस्वां, भाजपा जिला महामंत्री भास्कर शर्मा, सेवानिवृत प्रो. सन्त लाल, मोहन लाल गढ़वाल आदि मंचाशीन थे।

राज्य सरकार की इस अति महत्वपूर्ण स्कूटी योजना छात्रवृति के तहत चूरू जिले की 78 मेधावी छात्राओं को सत्र 2022.23 की स्कूटी वितरित की गई। मुख्य अतिथि के रूप में बोलते हुए स्थानीय विधायक हरलाल सारण ने कहा की छात्राओं को राज्य सरकार द्वारा प्रदान की गई स्कूटियों को अपनी पढ़ाई एवं जीवन के लक्ष्यों को पूर्ण करने के लिए सदुपयोग करना चाहिए। उन्होंने छात्राओं से आव्हान किया कि उन्हें कड़ी मेहनत करनी चाहिए तथा राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ उठाते हुए अपने जीवन के उच्च लक्ष्यों व सपनों को पूर्ण करना चाहिए। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार अपनी अति महत्वाकांक्षी योजनाओं का नामकरण देश व समाज की सेवा करने वाले महापुरुषों व युग पुरुषों के नाम पर करती है तथा इससे हमें समाज व देश सेवा की प्रेरणा मिलती है। कार्यक्रम की अध्यक्ष एवं महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. मंजु शर्मा ने समारोह में उपस्थित सभी अतिथियों का स्वागत किया एवं महाविद्यालय के आग्रह पर समारोह में पधारे मुख्य अतिथि माननीय विधायक हरलाल सारण व मंचाशीन अतिथियों, स्कूटी प्राप्त करने वाली छात्राओं, अभिभावकों, पत्रकार बन्धुओं एवं अन्य उपस्थित गणमान्य सदस्यों का आभार व्यक्त किया।

## गेट लगाने के मामले ने पकड़ा तूल

**खेतड़ी, ( निसं )** खेतड़ी कस्बे के ऐतिहासिक भोपालगढ़ किले के मुख्य द्वार पर गेट लगाने के मामले ने तूल पकड़ लिया है। इस संबंध में शनिवार को ट्रस्ट की ओर से कस्बे के एक दर्जन से अधिक लोगों पर गाली गलौच कर फर्जी केस में फंसाने की धमकी देने का मामला दर्ज करवाया गया है। थानाधिकारी भंवरलाल कुमावत ने बताया कि माचवा कालवाड़ रोड जयपुर निवासी ज्ञानेंद्र सिंह ने रिपोर्ट दी कि वह 25 जूलाई को ट्रस्ट की संपत्ति की देखरेख करने के लिए यहां आया था। ट्रस्ट की ओर से अवैध गतिविधियों पर रोक लगाने को लेकर मुख्य द्वार पर गेट लगाया गया था तथा मंदिर में आने वाले लोगों के लिए आवागमन की छुट दी गई थी। इस दौरान दोपहर में जब वह तहसीलदार कार्यालय में मिटींग के लिए गया तो वहां 15-20 लोग मौजूद थे। जब वह तहसीलदार से मिलने गए तो वह लोग तहसीलदार के कमरे में घुस गए और जब बाहर आए तो उन्होंने धक्का मुक्की करते हुए गाली गलौज करना शुरू कर दिया।

# 'जिला प्रशासन आमजन की समस्याओं के त्वरित निस्तारण के लिए प्रतिबद्ध'

**सादुलपुर,**(कासं)। जिला कलक्टर पुष्पा सत्यानी ने राजगढ ब्लॉक की सांखू फोर्ट ग्राम पंचायत मुख्यालय स्थित आईटी सेंटर में रात्रि चौपाल आयोजित कर आमजन की समस्याएं सुनीं और उनके तत्काल एवं समयबद्ध निस्तारण के लिए संबधित अधिकारियों को निर्देश प्रदान किए।



**रात्रि चौपाल में जनसुनवाई करती जिला कलेक्टर पुष्पा सत्यानी व उपस्थित अधिकारीगण।**

इस मौके पर जिला कलक्टर ने ग्रामीणों ने कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की मंशानुरूप आवश्यक सेवाएं दुरूस्त रहें तथा आमजन से प्राप्त समस्याओं का नियमित फॉलोअप लेते हुए समयबद्ध व समुचित निस्तारण किया जाए। उन्होंने आमजन से कहा कि जिला प्रशासन आमजन की समस्याओं के त्वरित निस्तारण के लिए प्रतिबद्ध है। स्वयं मुख्यमंत्री और मुख्य सचिव के स्तर पर आमजन की समस्याओं और उनके समाधान की समीक्षा की जाती है। इसलिए ग्रामीण उचित तरीके से अपनी समस्याएं रखें, उनके समाधान के लिए समुचित प्रयास किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि ग्रामीण स्वयं जागरुक होकर सरकार की योजनाओं एवं सुविधाओं का लाभ उठाएं तथा यह कोशिश करें कि योजनाओं का लाभ अंतिम छोर के व्यक्ति तक पहुंच सके। जिला कलक्टर के निर्देश पर सभी विभागों के अधिकारियों व प्रतिनिधियों ने उनके विभाग से संबंधित जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी। ग्रामीणों ने सांखू सीएचसी में चिकित्सा सेवाओं को लेकर परेशानी बताई, जिस पर जिला कलक्टर ने नियुक्त चार चिकित्सकों में से ०2 चिकित्सकों की सवेरे, ०1 चिकित्सक की सांय व ०1 चिकित्सक की रात्रि शिफ्ट में ड्यूटी लगाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि आमजन को बेहतरीन चिकित्सा सेवाएं मिलें। आमजन को अस्पताल में चिकित्सकीय परामर्श, दवा व जांच आदि के संबंध में अनावश्यक परेशानी न हो। ग्रामीणों ने गांव के वार्ड नंबर ०2 व ०6 में पेयजल आपूर्ति की समस्या बताई, जिस पर जिला कलक्टर ने पीएचईडी के अधिकारियों को पेयजल व्यवस्था का निरीक्षण कर आपूर्ति दुरूस्त करने के निर्देश दिए। ग्रामीणों ने बिजली कटौती व घर पर बिजली के बिल नहीं पहुंचने की समस्या रखी, जिस पर जिला कलक्टर ने बिजली आपूर्ति व्यवस्था सुचारू करते हुए प्रत्येक कनेक्शनधारक के घर पर बिजली के बिल पहुंचाने के निर्देश दिए। ग्रामीणों ने पीपीपी मोड से बन रहे झुन्झुनू-राजगढ सडक की उंचाई अधिक रखने से उनके घरों से जल निकास व सडक किनारे नाली निर्माण नहीं होने की समस्या बताई, जिस पर जिला कलक्टर ने पीपीपी के अधिकारियों से चर्चा की समुचित निस्तारण की बात कही। दुकानों के आगे कचरा फैलने की शिकायत पर ग्रामीणों ने सर्वसम्मति से कचरा फैलाने वाले के विरूद्ध 5०० रुपए जुर्माना लगाने का प्रस्ताव पास किया तथा प्रत्येक व्यक्ति का सफाई व्यवस्था में अपेक्षित सहयोग के लिए पांबद किया।

सार-समाचार

## प्रवेश द्वार का किया लोकार्पण



**सादुलपुर**, (कासं)। पीएमश्री शहीद हरिसिंह राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय हमीरवास में शहीद लांस नायक हरिसिंह श्योराण के सुपुत्र बलबीर श्योराण द्वारा बनवाए गए प्रवेश द्वार का शनिवार को लोकार्पण सांसद चूरु राहुल कस्वां, पूर्व विधायक पदमश्री डॉ. कृष्णा पूनिया, भाजपा विधानसभा प्रत्याशी सुमित्रा पूनिया एवं हमीरवास सरपंच गिना देवी के द्वारा किया गया। वहीं सांसद राहुल कस्वा ने शहीद परिवार के द्वारा विद्यालय में बनाए गए प्रवेश द्वार हेतु साधुवाद दिया एवं ग्राम पंचायत हमीरवास की वीरांगनाओं का शॉल एवं प्रतीक चिन्ह भेंटकर सम्मान किया। इस अवसर पर गौरव सेनानी सैनिकों द्वारा सासंद राहुल कस्वा से हमीरवास में शहीद स्मारक स्थल हेतु जमीन आवंटन हेतु ज्ञापन दिया गया। पदमश्री डॉ. कृष्णा पूनिया द्वारा शहीदों के जीवन मूल्यों को विद्यार्थियों को अपने जीवन में उतारने हेतु प्रेरित किया एवं नैतिक मूल्यों के साथ मेहनत कर आगे बढने हेतु प्रेरित किया तथा शहीद हरिसिंह के परिवारजनों द्वारा विद्यालय में प्रवेशद्वार बनवाने पर आभार प्रकट करते हुए कहा कि शिक्षा के मंदिर में दान देने वाले बहुत कम मिलते है। उन्होंने पैरिस में खेलने गई टीम की जीत की अग्रिम बधाई दी। सुमित्रा पूनिया द्वारा विद्यालय में विज्ञान संकाय शुरू करवाने का आश्वासन दिया गया। कार्यक्रम में हमीरवास ग्राम पंचायत एवं आसपास के गांवों के सरपंच, पूर्व सरपंच, ग्राम के गणमान्य नागरिकों एवं अभिभावकों ने शिरकत की। कार्यक्रम में कांग्रेस देहात ब्लॉक अध्यक्ष अशोक पूनियां, पूर्व सैनिक संघ राजगढ के अध्यक्ष जगतसिंह, नीमां सरपंच मानसिंह रैबारी व पूर्व सरपंच उषा ने भी सम्बोधित किया। कार्यक्रम के उपरांत शहीद परिवार द्वारा विद्यार्थियों को मिठाई वितरण किया गया। विद्यालय परिवार द्वारा भी शहीद वीरांगनाओं का शॉल एवं मोमेंटो भेंट कर सत्कार किया गया। प्रधानाचार्य नरेश बिशु एवं विद्यालय स्टाफ द्वारा भामाशाह परिवार का विद्यालय के लिए सुंदर मुख्य प्रवेश द्वार बनवाए जाने पर धन्यवाद ज्ञापित किया एवं आगंतुक मेहमानों का कार्यक्रम में शिरकत करने पर आभार व्यक्त किया गया।

## सहकार भारती की बैठक आयोजित

**झुंझुनूं**, (कासं)। राजस्थान सहकार भारती की बैठक सह संगठन प्रमुख कमलेश गहलोत के मुख्य मार्गदर्शन में झुंझुनूं में संपन्न हुई। जिसमें झुंझुनूं जिले के सहकारिता क्षेत्र में काम करने की आवश्यकता पर बल दिया गया। इस अवसर पर मुख्य रूप से संबोधित करते हुए संगठन प्रमुख कमलेश गहलोत ने कहा कि आने वाले समय में बेरोजगारी भयंकर रूप देगी। हमारे युवा लक्ष्य से भटक सकते हैं। रोजगार के अवसर उन्हें उचित मात्रा में नहीं मिलेंगे तो देश में भयंकर समस्या खड़ी हो सकती है। इसके निदान के लिए हम सबको सहकारी ताकि क्षेत्र में रुचि देकर काम करना चाहिए। देश में सहकार भारती एक ऐसा संगठन है। जो युवाओं को सही मार्गदर्शन भी दे सकता है और उन्हें रोजगार भी दे सकता है। सरकार भारती के माध्यम से हम देश की दशा और दिशा बदल सकते हैं। आवश्यकता इस बात की है कि सहकारिता को जन जन तक कैसे पहुंचाएं। उन्होंने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि देश में सहकारिता के क्षेत्र में सरकार बहुत बड़ा बजट देती है। मगर दुर्भाग्य इस बात का है इस बजट को हम खर्च भी नहीं कर पाते और हमारा यह बजट लैप्स हो जाता है। इसलिए आवश्यकता इस बात की है कि हम सरकार के साथ मिलकर सहकारिता का मंत्र जनता में प्रसारित करें। जिससे देश में विकास तो होगा ही होगा। साथ ही रोजगार के अवसर भी हमारे युवा शक्ति को मिलेगा। हमारे किसानों को मिलेगा। हमारे मजदूर को मिलेगा। आज हम स्वयं सहायता समूह के माध्यम से छोटी-छोटी समितियों के माध्यम से सहकारिता के क्षेत्र में लोगों को लाभान्वित कर सकते हैं। बैठक में कॉपरेटिव भंडार के अध्यक्ष जगदीश खाजपुरिया ने भी अपना संबोधन देते हुए कहा कि राजस्थान में सरकार कोऑपरेटिव क्षेत्र में विशेष ध्यान दें तो हमारा जिला एक नया संदेश पूरे राजस्थान को दे सकता है। बैठक में पूर्व सांसद संतोष अहलावत में भी अपने विचार रखते हुए कहा कि हमारे जिले में कोऑपरेटिव का बहुत बड़ा काम है। जिसे समय अनुसार गति देने की आवश्यकता है। इस अवसर पर भाजपा के जिलाध्यक्ष बनवारीलाल सैनी, जिला उपाध्यक्ष रामनिरंजन पुरोहित, भाजपा नेता विश्वंभर पूनियां, महेश जीनगर, एडवोकेट सरजीत चौधरी, अरूण कस्वां सहित झुंझुनूं के प्रमुख लोग शामिल थे।

## युवा मोर्चा ने किया शहीदों को नमन

**रतनगढ़,** (कासं)।भारतीय जनता युवा मोर्चा की रतनगढ़ शहर इकाई ने शनिवार शाम को कारगिल विजय दिवस की 25 वीं वर्षगाँठ पर शहीदों को नमन एवं देश भक्ति भजन संध्या का कार्यक्रम आयोजित किया गया। युवा मोर्चा अध्यक्ष प्रदीप सैनी ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आ ान पर शहीदों को नमन करने का कार्यक्रम पुरे प्रदेश भर में किया गया है। इस दौरान कार्यक्रम को भाजपा जिला उपाध्यक्ष भागीरथ सिंह राठौड़, हनीफ खत्री,दीपक मुरारका,देवी सिंह पडिहार,कन्हैयालाल चौमाल,राजकुमार महर्षि,महेंद्र उपाध्याय,अर्जुन सिंह फ्रांसा,सुशील इन्दौरिया,गोपाल धेतरवाल,सुनील कम्मा आदि ने सम्बोधित किया। कार्यक्रम के अंत मे भारत माता की जय घोष करते हुए आरती की गई। कार्यक्रम के संयोजक गोविन्द कठौड ने सभी का आभार प्रकट किया। कार्यक्रम का संचालन अरुण पंचलगिया ने किया। इस अवसर पर भाजपा जिला उपाध्यक्ष सन्तोष तालनिया,सुभाष भूण,ओबीसी मोर्चा अध्यक्ष किशनलाल घोड़ेला,रामदेव चंदनिया,निरंजन रुन्थला,भरत रांकावत ,प्रभुदयाल राजपुरोहित,निखिल इन्दौरिया,मनीष महर्षि,प्रवीण शर्मा,मुकेश प्रजापत,ओम महर्षि,सुनील शर्मा,रतन मोची सहित सैकड़ों भाजपा कार्यकर्त्ता उपस्थित थे।

## 66 यूनिट रक्त एकत्रित

**चिड़ावा,** (कासं)। भाजपा नेता दिनेश दाधीच ने अपने जन्मदिवस पर एक और प्रेणादायक कार्य किया और गायत्री मंदिर के पास स्थित मुक्ति धाम में 51 बरगद, पीपल, नीम के पेड़ लगाए। इस कार्य के माध्यम से उन्होंने स्वच्छ पर्यावरण का संदेश दिया। इससे पहले दिनेश दाधीच ने डीएसएम अस्पताल में ब्लड कैंप लगाया। जिसमें 66 यूनिट ब्लड एकत्रित हुई। उनकी इस पहल की सहराना की जा रही। इस अवसर पर डॉ. अवतार शर्मा, आनंद केजड़ीवाल, विकास सैनी, तेजप्रकाश सोनी आदि उपस्थित रहे।

सुभाष चन्द्र बोस महाविद्यालय, साहवा (चूरू)

**तुरन्त आवश्यकता है**

सहायक आचार्यः- हिन्दी-03 पद, अंग्रेजी-03 पद, भूगोल-02 पद, भौतिक विज्ञान-02 पद, रसायन विज्ञान-02 पद, गणित-02 पद, प्राणी विज्ञान-02 पद, वनस्पति विज्ञान-01 पद, राज. विज्ञान-01 पद, कम्प्यूटर विज्ञान-01 पद
योग्यता : यू.जी.सी. व विश्वविद्यालय के मानदण्डानुसार
वेतन : प्रबन्ध समिति, यू.जी.सी. के नियमानुसार
इच्छुक अभ्यर्थी अपने मूल दस्तावेजों सहित साक्षात्कार हेतु दिनांक 10.08.2024 को सुबह 10:00 बजे से शाम 04:00 बजे तक उपस्थित होवें।

सचिव-सुभाष चन्द्र बोस महाविद्यालय, साहवा, त. तारानगर, जिला चूरू, राजस्थान पिन कोड 331302 मो. नं. 9828768475

सरस्वती कन्या पीजी महाविद्यालय, तारानगर (चूरू)
एसबीआई बैंक के पास, तारानगर (चूरू)-331304

**आवश्यकता**

स्थायी प्राचार्य, उप प्राचार्य एवं व्याख्याता हिन्दी साहित्य, अंग्रेजी साहित्य, संस्कृत साहित्य, भूगोल (तीन पद), गृह विज्ञान, राजनीति विज्ञान, कंप्यूटर एप्लीकेशन, पुस्तकालय अध्यक्ष, शारीरिक शिक्षक के लिए महाविद्यालय में आवश्यकता है। इच्छुक अभ्यर्थी सम्पूर्ण दस्तावेज की फोटोप्रति सहित सात दिनों तक कार्यालय में जमा करावें। केवल NET, SET एवं पीएचडी योग्यताधारी ही आवेदन करें।

सचिव, 9413360246